C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:23 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 30 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 15 जुलाई 2024

रवि किशन ने कल्कि 2898 एडी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चलती ट्रेन में महिला के गले से चेन झपटी

हल्द्वानी। रानीखेत एक्सप्रेस से यात्रा कर रही एक महिला के गले से उच्चके ने सोने की चेन झपट ली और फरार हो गया। महिला के पति ने जीआरपी रेवाड़ी में शिकायत दर्ज कराई है। जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। रामनगर कुतुबपुर रेवाड़ी थाना रामपुरा निवासी सोमेंद्र सिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है कि वह 13 जून को अपनी पत्नी के साथ रानीखेत एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। तभी अंधेरे का फायदा उठाकर एक उच्चका उसकी पत्नी के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गया।

### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज, उपचुनाव की हार पर होगा मंथन



देहरादून। लोकसभा चुनाव के बाद आज सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक होगी। जिसमें बदरीनाथ व मंगलौर विधानसभा उपचुनाव की हार और आगामी निकाय चुनाव की रणनीति पर मंथन किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में तीन राजनीतिक प्रस्ताव पर भी चर्चा की जाएगी।

ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी परिसर में आज 15 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर समेत प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, सह प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार समेत पार्टी के मंत्री विधायक विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर के 1350 पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे। बैठक में जुलाई माह अंत से आरंभ होने वाली सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

## पीएम मोदी दुनिया के सबसे अधिक एक्स फॉलोअर्स वाले नेता बने

नई दिल्ली
एजेंसी



रविवार को एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया। पीएम मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेता बन गए। एक्स पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 100 मिलियन हो गई।

प्रधानमंत्री दुनिया के 5 उन बड़े नेताओं में दूसरे नंबर पर हैं जिनके एक्स अकाउंट पर सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं। पीएम मोदी से अधिक फॉलोअर्स वाले दुनिया के राजनेताओं में सिर्फ पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा हैं। भारत के कोई भी राजनेता पीएम मोदी के आसपास भी नहीं हैं।

दुनिया में सोशल मीडिया साइट एक्स पर सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले नेताओं में सबसे ऊपर बराक ओबामा हैं। ओबामा के 131.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। पीएम मोदी ने भी 100 मिलियन के आंकड़ों को पार कर लिया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप इस लिस्ट में तीसरे नंबर हैं। ट्रंप के 87.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं। चौथे नंबर पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के 38.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पांचवें नंबर पर तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान हैं।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 26.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 27.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं, और समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के 19.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 7.4 मिलियन, राजद के लालू प्रसाद यादव के 6.3 मिलियन, तेजस्वी यादव के 5.2 मिलियन और राकांपा प्रमुख शरद पवार के 2.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के 100 मिलियन फॉलोअर्स इंडिया ब्लॉक के सभी नेताओं के फॉलोअर्स (95 मिलियन) को मिलाकर भी ज्यादा हैं। मोदी की फॉलोइंग की खास बात ये है कि ये कई देशों की पूरी आबादी से भी ज्यादा है। उदाहरण के तौर पर, उनके फॉलोअर्स कनाडा की आबादी से 2.5 गुना, ब्रिटेन की आबादी से 1.4 गुना, जर्मनी की आबादी से 1.2 गुना, इटली की आबादी से 2.5 गुना, ऑस्ट्रेलिया की आबादी से 3.7 गुना और न्यूजीलैंड की आबादी से 18 गुना ज्यादा हैं।

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर सड़क हादसा

## बस और ट्रक की टक्कर में छह की मौत, कई घायल

अहमदाबाद
एजेंसी

अहमदाबाद की ओर जा रही एक निजी लग्जरी बस का टायर फटने के बाद उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि जब टायर बदला जा रहा था, तो बस के यात्री उतर गए और उनमें से कुछ वाहन के सामने इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी।

सोमवार सुबह गुजरात के आणंद शहर के पास अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी बस को टक्कर मार दी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और छह से अधिक लोग घायल हो गए। आणंद ग्रामीण पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 4.30 बजे आणंद जिले के चिखोदरा गांव के पास हुई, जब अहमदाबाद की ओर जा रही एक निजी लग्जरी बस का एक टायर फटने के बाद उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि जब टायर बदला जा रहा था,



तो बस के यात्री उतर गए और उनमें से कुछ वाहन के सामने इंतजार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बस महाराष्ट्र से राजस्थान जा रही थी और आणंद के पास बस में पंचर हो गया था। इस वजह से बस का ड्राइवर और यात्री बस के नीचे खड़े थे, तभी बस में पीछे से एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की खबर मिलते ही आणंद दमकल विभाग और एक्सप्रेस हाइवे पेट्रोलिंग टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों में बस चालक भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, मृतकों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं और उनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## तिहाड़ ने भी माना, केजरीवाल का जेल में कम हुआ वजन

नई दिल्ली
एजेंसी

अरविंद केजरीवाल के 8.5 किलोग्राम वजन कम होने को लेकर आप सरकार के मंत्री, सांसद लगातार निशाना साध रहे हैं। तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से मेडिकल रिपोर्ट जारी की गई है।

आम आदमी पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल प्रशासन की मेडिकल रिपोर्ट पर जवाब आया है। सांसद संजय सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तिहाड़ जेल न आखिरकार मान लिया है कि शुगर लेवल कम हुआ। केजरीवाल कोमा में जा सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उनका वजन भी कम हुआ है।

केजरीवाल की हेल्थ पर जानकारी देते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का जेल में 8.5 किलोग्राम वजन कम नहीं हुआ है। जैसा कि आप के मंत्री, सांसद और अन्य लोग दावा कर रहे हैं। एक अप्रैल को जब केजरीवाल पहली बार तिहाड़ आए थे, तब उनका वजन 65 किलोग्राम था। इसके बाद आठ और 29 अप्रैल को उनका वजन 66 किलोग्राम था। वे



चुनाव प्रचार के लिए नौ अप्रैल को जेल से बाहर आए और दो जून को वापस जेल आ गए। उस दिन यानी दो जून को उनका वजन 63.5 किलोग्राम था। इसके बाद 14 जुलाई को उनका वजन 61.5 किलोग्राम था। इस तरह उन्होंने दो किलो वजन कम हुआ।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि तिहाड जेल ने माना है कि कई बार शुगर लेवल कम हुआ है। शुगर लेवल कम होने पर नींद में कोमा में जा सकते हैं। शुगर लेवल कम होने पर ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है। संजय सिंह ने यह भी कहा कि तिहाड जेल की रिपोर्ट के मुताबिक, वजन कम हुआ है।



## कुमाऊं कमिश्नर का सिटी मजिस्ट्रेट व प्राधिकरण कार्यालय में छापा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने सोमवार को कार्यालय खुलने के आधे घंटे के भीतर ही सिटी मजिस्ट्रेट, जिला विकास प्राधिकरण व एसडीएम कार्यालय में छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने दस्तावेजों को देखा और अधिकारियों को लंबित पत्रावलियों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। कुमाऊं कमिश्नर की छापेमारी से अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। सोमवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने जनसमस्याओं से जुड़े मामलों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा समेत तमाम कर्मचारी मौजूद थे।

## सड़क चौड़ीकरण में आड़े आ रहे पेड़ों को काटा, नैनीताल रोड बंद रहने से परेशानी



हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में सड़क चौड़ीकरण को लेकर पेड़ों का कटान जारी है। इसके मद्देनजर सोमवार को कालाढूंगी रोड चौराहे से लेकर सहकारी बैंक तिराहे तक के पेड़ों को काटा गया। इसके मद्देनजर इस क्षेत्र में वाहनों की नो एंट्री रही। खबर लिखे जाने तक पेड़ों का कटान जारी था।

गौरतलब है कि प्रशासन इन दिनों सड़क चौड़ीकरण के आड़े आ रहे पेड़ों का कटान तेजी से कर रहा है। इसके तहत आज कालाढूंगी चौराहे से लेकर रोडवेज बस अड्डे तक सड़क किनारे खड़े पेड़ों का कटान किया गया।

सुबह 10 बजे से यह काम शुरू हुआ। इसके मद्देनजर कालाढूंगी रोड चौराहा से नैनीताल बैंक तिराहा तक समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहा। वाहनों को डायवर्ट किया गया था। रोडवेज बसें भी रेलवे बाजार ताज चौराहा होते हुए रवाना की गईं।

### पांच हजार उपभोक्ताओं की बिजली गुल

नैनीताल रोड में पेड़ों के कटान के चलते सोमवार को कालाढूंगी रोड चौराहा बिजलीघर से बाजार क्षेत्र, नैनीताल रोड व स्टेशन रोड क्षेत्र की विद्युतापूर्ति सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बंद की गई है। बिजली गुल होने से बद्रीपुरा, आनन्द बाग, तहसील परिसर, कोतवाली परिसर, रामलीला मोहल्ला, रेलवे बाजार, स्टेशन रोड, बनभूलपुरा, किदवई नगर क्षेत्र के पांच हजार से अधिक उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पेड़ों के कटान का काम पूरा होते ही आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

### शहर की सड़कों में जाम

नैनीताल रोड में पेड़ों के कटान के चलते शहर के अन्य मार्गों में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। नवाबी रोड, कालाढूंगी रोड, रामपुर रोड, रेलवे बाजार, ताज चौराहा क्षेत्र में दिन भर जाम जैसी स्थिति रही। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# स्टेंडर्ड दूध व आँचल शहद की लॉचिंग



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ ने रविवार को 6 लीटर पॉलीपेक में स्टेंडर्ड / फूल क्रीम दूध व आँचल शहद की लॉचिंग की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व दर्जा राज्य मंत्री दीपक मेहरा ने कहा कि पशुपालकों को पशुओं को पोष्टिक आहार उपलब्ध कराना चाहिए, पोष्टिक आहार से जहां पशु के स्वास्थ्य में वृद्धि होती है, वहीं दूध के उत्पादन में भी बढ़ोतरी दर्ज की जाती है। उनका कहना था कि पशु स्वास्थ्य पर ही दुग्ध उत्पादन का पूरा कारोबार कायम है। नैनीताल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों के हित मे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दुग्ध के दामों में 12 रुपये तक की बढ़ोतरी कर दुग्ध उत्पादकों को लाभ दिलाने में कीर्तिमान स्थापित किया है। दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट ने कहा कि पशु पालकों के हितों को लेकर प्रदेश की धामी सरकार गंभीर है और पशुपालकों को उनके दुग्ध उत्पादों का भरपूर मूल्य मिल रहा है। उत्तराखंड मंडी पारिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि दूध के 6 लीटर का पॉलीपेक बाजार में उतार कर नैनीताल दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ ने एक अच्छी पहल की है। जिसके भविष्य में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस पेक को बाजार में उतारने से उपभोक्ताओं कोआर्थिक लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, पूर्व विधायक नवीन दुमका, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, पूर्व दर्जा मंत्री गजराज बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रोतेला, प्रमोद बोरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# भागवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा

**सितारगंज**

**हमारे संवाददाता**

सनातन धर्म मंदिर में शुरू होने वाले सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा से पहले रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पारंपरिक परिधानों में 108 महिलाओं समेत कई पुरुष शामिल हुए।

सनातन धर्म मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस कथा स्थल पर पहुंची, जहां महिलाओं ने जल से कलश को व्यास पीठ पर विराजमान किया। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष रोशन लाल अग्रवाल ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर और महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट के विशेष सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वृंदावन से पहुंचे पंडित रामजी महाराज अमृतमई कथा सुनाएंगे। वहां कमल जिंदल, सुशीला गोयल, सुधा जिंदल, सुरेश सिंघल, संजय गोयल, सुरेश अग्रवाल, शिवकुमार मित्तल, महेश मित्तल आदि थे।



# युवाओं को बेरोजगार संघ की कार्यप्रणाली के बारे में बताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड बेरोजगार संघ के भवाली नगर इकाई द्वारा रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के कई युवा बेरोजगार संघ से जुड़े। इस दौरान संघ के विधानसभा सचिव कबीर साह ने युवाओं को बेरोजगार संघ की कार्यप्रणाली के बारे में बताया व बेरोजगार संघ छात्रों के हितों के लिए लड़ाई लड़ रहा हैं व प्रदेश की परीक्षा में भ्रष्टाचार को लेकर भी लगातार आवाज उठा रहा है। संघ के विधानसभा कार्यकारणी सदस्य प्रदीप आर्य ने युवाओं से कहा कि अगर किसी को भी अपने आस-पास कोई समस्या हैं तो वे बेरोजगार संघ तक अपनी समस्या पहुंचाये जिससे उनकी समस्याओ को अधिकारियों के समक्ष रखा जाएं और उसका जल्द से जल्द समाधान कराया जाए। संघ के विधानसभा अध्यक्ष पवन रावत ने बताया की भवाली नगर ईकाई के लिए भी नामों की लिस्ट फाइनल कर दी गई हैं जल्द ही कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया जाएगा। इस दौरान विसं सचिव कबीर साह, कार्यकरणी सदस्य तरूण कुमार, प्रदीप आर्या, दीपक आर्या, मनोज बोरा, नितेन्द्र सिंह बिष्ट, अभय कुमार, राहुल रावत, भास्कर आर्या, मंयक समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# बीडी पाण्डे अस्पताल में हर रोज पहुंच रहे हैं 25 से 30 मंप्स वायरस के मरीज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बीडी पांडे नैनीताल में मंपस वायरस के मामलों में लगातार बढ़ते जा रहे है। बीते कुछ दिनों से अस्पताल में हर रोज 25 से 30 मरीज मंप्स वायरस के मरीज पहुंच रहे हैं जिसमें से बच्चों की संख्या अधिक है।

बता दें कि मंप्स एक वायरल संक्रमण है को बच्चों और बड़ों में समान रुप से फैलता है। इस बीमारी में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, थकावट, भूख न लगना और लार ग्रंथियों में सूजन आदि लक्षण देखने को मिलते हैं। आप इस संक्रमण वायरल को सावधानियां बरतकर रोका सकतें है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक बीते कुछ दिनों से अस्पताल में मंप्स वायरस के केस में बढ़ौतरी देखने को मिल रही है। अस्पताल में प्रतिदिन 25 से 30 मरीज मंप्स वायरस के पहुंच रहे हैं। जिसमें




बच्चों की संख्या अधिक है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि यह एक वायरल संक्रमण है जिसमें मरीज को बुखार, सिरदर्द, भूख ना लगना और लार ग्रंथियों में सूजन आदि लक्षण दिखाई देते हैं। इसमें मरीज को आइसोलेट रहना चहिए, पतला खाना खाना चाहिए, सूजन अधिक होने में सिकाई करनी चाहिए। मरीज को आइसोलेट रखने से इस बिमारी को फैलने से रोका जा सकता है।

## NEWS / फटाफट

### सूखाताल झील परिसर में वृहद स्तर पर पौधरोपण



**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि संयुक्त कर्मचारी महासंघ द्वारा चलाए जा रहे हरेला सप्ताह के तहत आज भी सूखाताल झील परिसर में वृहद स्तर पर विभिन्न प्रजाति के सैकडों पौधे लगाए गए, वहीं कुमाऊँ मंडल के सभी इकाइयों में पौधारोपण किया गया। गुरु रानी ने कहा कि विगत दिनों से निगम कर्मचारियों द्वारा अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर किये जा रहे आंदोलन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में अनूठा आंदोलन चलाया जा रहा है। विगत कई वर्षों से कर्मचारियों की मांग के साथ-साथ महासंघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण का कार्य किया जाता रहा है। पौधारोपण कार्यक्रम में कंचन चंदोला, रमेश कपकोटी पदम सिंह, गणेश चनियाल, वेद प्रकाश, बलवंत सिंह ,सोनू बोरा होशियार सिंह, त्रिभुवन पुनेठा महेश कुमार हर सिंह, नरेंद्र थापा, नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### राज्य सिविल/ प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा संपन्न

**नैनीताल।** उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/ प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 रविवार को जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस आशय की जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/ प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 जिले के हल्द्वानी में 48 और रामनगर में 06 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गयी। जिसमें में प्रथम चरण में कुल 21300 में से 10900 परीक्षार्थी उपस्थित और 10400 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय चरण में कुल 21300 में से 10718 परीक्षार्थी उपस्थित और 10582 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

# दिवंगत मशहूर फोटोग्राफर अमित साह को याद करते हुए पौधरोपण व सफाई अभियान चलाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हिमाल आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी की संस्थापक अदिति ने अपने जन्मदिवस पर दिवंगत मशहूर फोटोग्राफर अमित साह को याद करते हुए पौधरोपण व सफाई अभियान कार्यक्रम आयोजित किया।

बता दें संस्था के कार्यकर्ताओं ने रुसी बाईपास, चार खेत व नारायण नगर क्षेत्र में पौधरोपण किया, जिसमें बांज, सुरई, पांगड़, अखरोट, देवदार के पौधे मुख्य रुप से लगाए गये, साथ ही उन पौधों को लगाने के बाद समय- समय पर उनकी देखभाल करने का प्रण लिया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष अदिति खुराना ने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष हरेला के अवसर पर पौधरोपण करते आये हैं किन्तु इस वर्ष से अपने जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण की रक्षा के लिये पौधरोपण करने का सोचा साथ ही



अमित साह हम सबके बहुत करीब रहें है तो ये कार्यक्रम उनको समर्पित करके हमें बहुत सुकून मिला, क्योकि वो भी यही चाहते थे कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाये और अपने आसपास साफ -सफाई व कूड़ा निस्तारण भी होता रहे, इसलिये हमने पौधरोपण के साथ सफाई अभियान भी किया। इस मौके पर संस्था के सदस्य व वरिष्ठ रंगकर्मी डीके शर्मा, नीरज डालाकोटी, अजय पवार, पवन कुमार, मो. खुर्शीद हुसैन ( आज़ाद ), रोहित वर्मा, अनमोल नेगी व केसर बोरा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# लेक सिटी वेलफेयर क्लब के सदस्यों ने किया वृहद पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हरेला महोत्सव के अन्तर्गत लेक सिटी वेलफेयर क्लब के सदस्यों ने बीते रोज रविवार को मेहरागांव में वृहद पौधरोपण किया। इस दौरान सदस्यों द्वारा लगभग 50 से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने की प्रण भी लिया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंढियाल एवं सचिव दीपा पांडे सहित वृक्षारोपण कार्यक्रम की संयोजक डॉ प्रगति जैन एवं सह संयोजक नीलम गुप्ता के नेतृत्व में फलदार वृक्षों में पूलम, नाशपाती, माल्टा, नींबू सहित शमी, पीपल आदि के पचास पौधे लगाए। कार्यक्रम में क्लब की वरिष्ठ सदस्य गीता साह, रानी साह, जीवन्ती भट्ट,विनीता पांडे, सीमा सेठ,दीपिका बिनवाल, अमिता शाह, मीनू बुधलाकोटी, आभा साह, रमा तिवारी, रमा भट्ट, कविता त्रिपाठी, खष्टी बिष्ट प्रेमा अधिकारी, रेखा जोशी, कंचन जोशी, सोनू साह, तनू सिंह, ने भी पौधारोपण किया और अपना पूरा योगदान दिया।



पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## सुनो और सुनाओ

*प्रधानमंत्री का सम्मान और सदन की मर्यादा का पालन करना हर देशवासी का कर्तव्य है। कांग्रेस नेता खरगे का प्रधानमंत्री मोदी पर गलतबयानी का आरोप सही है या गलत यह देशवासी निर्णय करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी के युग में कोई भी गलत बात छिपी नहीं रह सकती है। मल्लिकार्जुन खरगे सदन के अंदर प्रधानमंत्री मोदी की गलतबयानी का सबूत पेश करें, यदि सदन में उन्हें बोलने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का मौका न दिया जाये तो मीडिया को सबूत पेश करें। सदन की मर्यादा का पालन करना सत्तापक्ष के साथ विपक्ष का भी बराबर का दायित्व है, इस मामले में कम अथवा ज्यादा से तुलना नहीं की जा सकती है।*

संसद और विधानसभाओं में सत्र के दौरान विपक्ष और सत्तापक्ष को देश और राज्य के सभी मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। लोकतंत्र में राष्ट्रहित और जनहित की नीतियों तथा समस्याओं पर चर्चा के लिए जनप्रतिनिधि निर्वाचित किये जाते हैं। संसद और विधानसभा का सत्र नहीं होने पर विपक्ष मीडिया के माध्यम से तथा सड़क पर ज्वलंत मुद्दों को उठाता है। सत्तापक्ष की ओर से मंत्री तथा जनप्रतिनिधि अपना पक्ष रखते हैं। सत्र के दौरान सरकार योजना और नीतियों से सदन को अवगत कराती है। इस दौरान विपक्ष को भी अपनी बात कहने का अवसर दिया जाता है। विभिन्न मुद्दों पर तीखी नोंकझोंक और शोरशराबा भी होता है। सदन की मर्यादा कायम रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति तथा विधानसभा अध्यक्ष प्रयास करते हैं। विभिन्न मुद्दों पर बहस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन विपक्ष द्वारा बहिष्कार और सत्तापक्ष की बात नहीं सुनना जनप्रतिनिधि के कर्तव्य से विमुख होना है। तानाशाही शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं है। लोकतंत्र का मूल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, इसलिए विपक्ष को सदन में अपनी बात रखने का मौका मिलना चाहिए। इसके बाद विपक्ष के मुद्दों का सत्तापक्ष जवाब दे। लोकसभा के चुनाव होने के बाद संसद के पहले सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोलने को खड़े हुए तो विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अभिप्राय है कि सुनो और सुनाओ। सदन के बाहर आकर कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि वह गलतबयानी कर लोगों को भ्रमित करते हैं। जब संसद का सत्र चल रहा हो तो सदन में मल्लिकार्जुन खरगे को अपनी बात रखनी चाहिए। सदन के बाहर बयान देने से संसद सत्र के महत्व की अनदेखी है। चुनाव के दौरान नरेन्द्र मोदी भाजपा के प्रत्याशी थे। निर्वाचित होकर वह सांसद बन गये। जब प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली तो देश की हर पार्टी के नेता, कार्यकर्ता और जन-जन के प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री का सम्मान और सदन की मर्यादा का पालन करना हर देशवासी का कर्तव्य है। कांग्रेस नेता खरगे का प्रधानमंत्री मोदी पर गलतबयानी का आरोप सही है या गलत यह देशवासी निर्णय करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी के युग में कोई भी गलत बात छिपी नहीं रह सकती है। मल्लिकार्जुन खरगे सदन के अंदर प्रधानमंत्री मोदी की गलतबयानी का सबूत पेश करें, यदि सदन में उन्हें बोलने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का मौका न दिया जाये तो मीडिया को सबूत पेश करें। सदन की मर्यादा का पालन करना सत्तापक्ष के साथ विपक्ष का भी बराबर का दायित्व है, इस मामले में कम अथवा ज्यादा से तुलना नहीं की जा सकती है।

# गोमुख से जल नहीं भर सकेंगे शिवभक्त

**देहरादून/उत्तरकाशी**
**हमारे संवाददाता**

गोमुख मार्ग कई जगह क्षतिग्रस्त है। कांवड़ियों के पहुंचने पर कई लोग गोमुख जाना चाह रहे थे। इसलिए खतरे को देखते हुए गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन ने गंगोत्री धाम सहित कनखू बैरियर पर बोर्ड लगा दिए हैं।

गंगोत्री नेशनल पार्क की ओर से कनखू बैरियर पर नोटिस बोर्ड लगा दिया है। इसमें लिखा गया है कि गोमुख मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसलिए उस पर आवाजाही बंद की गई है।

वहीं पार्क प्रशासन के बोर्ड लगाने पर गंगोत्री धाम के व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त की है। गंगोत्री नेशनल पार्क के तहत देवगाड़, चीड़बासा, भोजगड्डी नाले उफान पर आने के कारण यहां स्थित पुलिया बह गई थी। इस दौरान यहां दिल्ली निवासी दो कांवड़िए बह गए थे। इसके साथ ही 38 लोग फंस गए थे। जिनको एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया था। उसके बाद पार्क प्रशासन ने गोमुख मार्ग पर आवाजाही पर रोक लगा दी थी।




**सख्ती**
- **गंगोत्री नेशनल पार्क ने लगाया मार्ग बंद होने का बोर्ड**

वहीं अब कांवड़ियों के पहुंचने पर कई लोग गोमुख जाना चाह रहे थे। इसलिए खतरे को देखते हुए गंगोत्री नेशनल पार्क प्रशासन ने गंगोत्री धाम सहित कनखू बैरियर पर बोर्ड लगा दिए हैं। जिसमें गोमुख मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही पूरी जानकारी दी गई है। वहीं बोर्ड लगने के बाद गंगोत्री धाम के व्यापारियों ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। धाम के सतेंद्र सेमवाल सहित दीपक राणा का कहना है कि इससे पहले भी बरसात में वहां पर पुलिया बही हैं, लेकिन कांवड़ यात्रा के समय कभी भी इस प्रकार से गोमुख मार्ग पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई गई है।

उनका आरोप है कि पार्क प्रशासन की ओर से पुलिया बनाने में जानबूझ कर देरी की जा रही है। जबकि देश के विभिन्न प्रदेशों से कांवड़िए गोमुख से जल भरने गंगोत्री पहुंचते हैं।

इधर, गंगोत्री नेशनल पार्क के उपनिदेशक आरएन पांडेय का कहना है कि हमारे मजदूर चीड़बासा में मौजूद हैं। वहां पर नालों ने बरसात में विकराल रूप ले लिया है। इसलिए जब तक नालों में पानी का बहाव कम नहीं होता। तब तक निर्माण कार्य नहीं हो सकता है। इसलिए ही बोर्ड लगाए गए हैं।

**ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।**
**www.uttaranchaldeep.com**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सज्जिता राठौर से बदलकर सज्जिता सिंह सेठी रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे सज्जिता सिंह सेठी नाम से जाना, पहचाना जाए। - **सज्जिता सिंह सेठी पत्नी सरबप्रीत सिंह सेठी, 3/71, कोहली गार्डन सुभाष नगर, पो0 भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी, नैनीताल ( उत्तराखंड )**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रेमा बिष्ट से बदलकर प्रेमा देवी ठाकुर रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे प्रेमा देवी ठाकुर नाम से जाना, पहचाना जाए। - **प्रेमा देवी ठाकुर पत्नी अनुराग सिंह, जौलासाल उर्फ करायल, पो0 आनंदपुर, हल्द्वानी, नैनीताल ( उत्तराखंड )**

# मोहर्रम की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

मोहर्रम को लेकर अमन-चैन कमेटी की बैठक चोरगलिया रोड स्थित एक मैरिज हॉल में हुई। जिसमें मोहर्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

इस दौरान एसपीसिटी प्रकाश चन्द्र ने बैठक में मौजूद लोगों से मोहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखी जाए। साथ ही ताजियों को 14 फीट से ऊंचा न बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ताजिये अधिक ऊंचे बनाने से विद्युत तारों में टकराने का खतरा रहता है। साथ ही उन्होंने अखाड़ों को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि अखाड़े ज्यादा देर तक एक ही जगह पर न रोके जाएं। इससे यातायात बाधित होने की समस्या बनेगी।

एसपीसिटी ने यह भी कहा कि मोहर्रम पर ताजियों का जुलूस रात्रि दस बजे तक ही निकलेगा। लिहाजा समय का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान लोगों ने एसपीसिटी के समक्ष मोहर्रम पर क्षेत्र की सड़कों से अतिक्रमण के साथ ही वाहनों को हटाने की मांग रखी। एसपीसिटी ने कहा कि मोहर्रम पर सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। स्थानीय पुलिस के साथ ही दो प्लाटून पीएसी भी तैनात रहेगी। इस दौरान सीओ नितिन लोहनी, एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी सहित अखाड़े के खलीफा ताजियों के सदर सेक्रेटरी हुआ अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।



## शहीद हजरत अब्बास अलमदार की याद में जलूसेआम



**नैनीताल।** नगर में बीते रोज रविवार को कर्बला में हुए शहीद हजरत अब्बास अलमदार की याद में मोहर्रम कमेटी द्वारा जलूसेआम निकला गया। जिसमे मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। जुलूस रॉयल होटल से शुरू होकर बड़ा बाजार, खड़ी बाजार, बीच का बाजार से होते हुए देर रात राजा क्लब में संपन्न हुआ। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बक्स ने बताया चांद की 8 तारीख यानी आज सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों जायरीनों ने प्रसाद ( तबरूक) ग्रहण किया। और उन्होंने बताया 17 जुलाई बुधवार को दोपहर 2 बजे पूरे बाजार में ताजिया का जुलूस निकाला जाएगा जो देर रात बारह पत्थर कर्बला में ले जाकर ताजियों को सुरपुर्दे खाक किया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## रवि किशन ने कल्कि 2898 एडी के लिए की अमिताभ बच्चन की तारीफ



*अमिताभ बच्चन इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में प्रभास और दीपिका पादुकोण भी हैं। हाल ही में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अमिताभ बच्चन की मुलाकात रवि किशन से हुई, जिन्होंने फिल्म में उनके अभिनय की तारीफ की। रवि किशन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा किया, जो तुरंत वायरल हो गया। रवि किशन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे अमिताभ बच्चन को गले लगाते नजर आ रहे हैं। दोनों एक दूसरे की प्रशंसा कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने फिल्म लापता लेडीज में उनके अभिनय की प्रशंसा की तो वहीं रवि किशन ने कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की। वीडियो साझा करते हुए रवि किशन ने प्यारा नोट भी लिखा। वीडियो के साथ कैप्शन में रवि किशन ने लिखा, मैं कल्कि में उनके किरदार की तारीफ कर रहा था और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन जी लापता लेडीज के मेरे किरदार मनोहर की तारीफ कर रहे थे। ये बड़े कलाकार और बड़े व्यक्तित्व को दर्शाता है, तभी ना वो सदी के महानायक हैं। उनका ये प्यार आशीर्वाद रूप में बना रहे। इसके बाद वीडियो पर प्रशंसकों ने भी खूब प्यार लुटाया और जमकर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दीं।*

### रवि किशन की तारीफ

*वीडियो में अमिताभ बच्चन कुर्ता सेट पहने नजर आए तो वहीं रवि किशन ब्लैक कुर्ता सेट में दिख रहे थे। दोनों के बीच मधुर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थामा हुआ था और हंस के बातें कर रहे थे। रवि किशन ने बिग बी से कहा कि आपने क्या अभिनय किया है, थिएटर में सब लोग अपना किरदार देख के पागल हो गए थे, तभी अमिताभ बच्चन ने कहा अरे मेरा तो छोटा सा रोल था तो किया मैंने, फिर उन्होंने लापता लेडीज में रवि किशन की तारीफ करते हुए कहा कि किरदार बहुत प्यारा था।*

# पर्यावरण संरक्षण हेतु वन्दे मातरम् ग्रुप ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

संस्था की इस मुहिम का नाम है एक पेड़ अपने नाम का जिसमे व्यक्ति एक पेड़ लगा रहा है और उसमे अपने नाम का लगा रहा है और उस व्यक्ति की जिम्मेदारी होगी अपने नाम के पेड़ की देखभाल करने की।

संस्थापक शैलेन्द्र सिंह दानू ने बताया जिस प्रकार से इस बार उत्तराखंड का तापमान बढ़ा है अगर अभी से पर्यावरण संरक्षण में ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय से पहाड़ो का टेम्परेचर भी 50 डिग्री पार होगा पेड़ लगाओ अभियान लगातार 8 दिन से जारी है अभी तक हीरानगर, मुखानी, कुशूमखेड़ा, कमलवागाँजा आदि स्थानों में पौधरोपण किया गया है और जहां भी लोग बुला रहे है संस्था के लोग पेड़ लगाने के लिए पहुंच रहे है। पीयूष ने बताया पेड़ लगाने हेतु गड्डे हम करेंगे, पेड़ में हम लायेंगे बस लोगो को उनकी देखभाल करनी है। इसी क्रम में आज पांडे बगीचा, मंगल पड़ाव में वृक्षारोपण किया। यहां शैलेन्द्र सिंह दानू, पीयूष, दीपांशु शर्मा, प्रांजल जोशी, अमित रावत, दीपक तिवारी, मयंक गोस्वामी आदि लोगों ने पौधरोपण किया।



## News कॉर्नर

### रानीखेत में 21 से होगी माउंटेन बाइक रैली

**अल्मोड़ा।** रानीखेत में दूसरी बार एमटीबी माउंटेन बाइक रैली का आयोजन 21 जुलाई से होगा। एसएसबी, कुमाऊं रेंजीमेंट और आउटडोर क्लब की तरफ से रैली आयोजित होगी। रविवार को रैली को लेकर आयोजकों ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि सुबह नगर के नरसिंह मैदान से माउंटेन बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। रैली पार्वती इन के पास समाप्त होगी। इस रैली में शामिल बाइकर्स 13 और 35 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस बार एक चुनौतीपूर्ण ट्रैक को भी शामिल किया गया है, जो प्रतिभागियों को रानीखेत के प्राकृतिक सौंदर्य का भी दीदार कराएगा। आयोजकों ने बताया कि सरकारी स्कूलों के प्रतिभागी इस रैली में निशुल्क प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागियों को क्लब कार्यालय में अपना पंजीकरण कराना होगा। वहां पर क्लब के उपाध्यक्ष विवेक पांडे, कोषाध्यक्ष अरविंद साह, सचिव देवांशु साह गंगोला, संरक्षक गोविंद सिंह बिष्ट, दीपक गर्ग और अशोक मेहरोत्रा मौजूद रहे।

### अंकतालिकाओं में गड़बड़ी से भड़के विद्यार्थी

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विश्वविद्यालय की ओर से जारी तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम के बाद अंकतालिकाओं में गड़बड़ी सामने आने से द्वाराहाट महाविद्यालय के विद्यार्थी भड़क गए और उन्होंने विवि प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य डॉ. भरत जी उपाध्याय के माध्यम से विवि के कुलपति को ज्ञापन भेज परिणाम में सुधार की मांग की। विद्यार्थियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। कई विद्यार्थियों को अंक नहीं मिले हैं तो कई अंकतालिकाओं में अंक ही नहीं जुड़े हैं।

# साह चौधरी समाज ने समाज सुधार में योगदान करने वालों को सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

साह चौधरी समाज ने रविवार को समाज सुधार में योगदान देने वाले वृद्धों, अव्वल छात्र, छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किया। इस दौरान साह चौधरी समाज के नैनीताल चैप्टर ने पीढ़ी से पीढ़ी तक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि और इसकी अध्यक्षता कर रहे कुर्मांचल बैंक के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार साह ने मल्लीताल के गोवर्धन हॉल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभा के अध्यक्ष सुरेश लाल साह और सचिव सुरेंद्र चंद्र चौधरी ने विशिष्ट अतिथियों को बैज लगाकर





उनका स्वागत किया। समाज ने बुजुर्गों को महत्व देते हुए नैनीताल निवासी जगदीश प्रसाद साह, अंबिका प्रसाद साह, पदमा देवी साह, हरी प्रिया साह, जगदीश लाल साह, महेश चंद्र साह, देवी लाल साह, निर्मला साह, बसंती साह, हल्द्वानी निवासी हरीश चंद्र साह, आनंदी चौधरी समेत अन्य लोगों को सम्मान के रूप में ऐपण दिया। समाज नीति और नियम बनाने और शहर में समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए स्व. नवीन चंद्र साह, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फोटोग्राफी के माध्यम से अपनी पहचान बनाते हुए समाज को गौरवान्वित करने के लिए स्व. अमित साह को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस दौरान 10वीं व 12वीं में अव्वल रहने वाले छात्र वैष्णवी साह, अस्मिता साह, तेजस साह, अश्लेषा साह, यशस्वी साह, आस्था साह, मान्यता साह, शांभवी साह, उत्कर्ष साह, प्रियांशी साह, श्रेयस साह, शौर्य साह गंगोला को पुरस्कार दिया।

वहीं पत्रकारिता के क्षेत्र में अंजू साह जगाती, अंतराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच अभिषेक साह, फिल्म मेकिंग में दिव्या साह, फोटोग्राफी में उदित साह, साहसिक खेल युवा उत्कृष्टता के लिए श्रीनेक साह को सम्मानित किया गया। समाज के आलोक साह, वेद साह, शरद साह, घनश्याम लाल साह, मयंक साह, हर्ष साह, मंनोज साह, सुरेश लाल साह, अखिल साह, मोहन लाल साह, भारती साह, शोभा साह, किशन लाल साह, शैलेन्द्र साह, दीपा चौधरी, डा.किरन साह, प्रेमा साह आदि मौजूद रहे।

तल्लीताल निवासी 75 वर्षीय स्व.लता साह ने मरणोपरांत अपना देहदान मैडिकल कॉलेज हल्द्वानी को किया। उन्होंने मृत्यु से पूर्व सभी लोगों से मानव संस्कृति को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मैडिकल रिसर्च के लिए देहदान करने की अपील की ।

# पंतनगर एयरपोर्ट के एटीसी इंचार्ज को आत्महत्या को उकसाने में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पंतनगर एयरपोर्ट के एटीसी इंचार्ज की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में थाना पंतनगर पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। परिजनों ने एटीसी इंचार्ज की मौत के पीछे साजिश की आशंका जताई हैं।

24 जून 2024 को पंतगनर एयरपोर्ट के आवासीय परिसर में एटीसी इंचार्ज आशीष चौसाली का संदिग्ध परस्थितियों में शव मिला था। परिजनों ने आशीष की मौत के पीछे साजिश की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी हैं। प्रभारी एसओ प्रदीप कुमार ने बताया कि आशीष चौसाली ने महिला की वेशभूषा रखी थी। पीएम रिपोर्ट में भी आशीष की मौत का कारण

**साजिश की आशंका**

- मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस की कार्रवाई, परिजनों ने मौत के पीछे साजिश की आशंका जताई है

हैंगिंग से होना पाया गया है। उन्होंने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक आशीष चौसाली के भाई संदीप चौसाली ने बताया है कि आशीष चौसाली पंतगनर एयरपोर्ट में एटीसी विभाग में अफसर पद पर तैनात थे। 24 जून की सुबह स्टाफ परिसर में बने आवास में उनका शव मिला था। उन्होंने बताया है कि घटना के दिन रात्रि में उनके साथ हल्द्वानी निवासी दो व्यक्ति भी मौजूद थे। आशीष चौसाली के भाई ने बताया कि वह एक उच्च शिक्षित, मेधावी और होनहार अधिकारी थे. उनका स्थानांतरण गृह जिला पिथौरागढ़ में एटीसी अधिकारी के रूप में हो गया था। बताया कि आशीष चौसाली से रात्रि लगभग 9ः30 बजे तक पारिवारिक सदस्यों से फोन में बातचीत भी हुयी थी. तब कोई बात नहीं लगी कि वो तनाव में थे या फिर किसी तरह की परेशानी में थे. ऐसे व्यक्ति से आत्महत्या जैसा दुस्साहस करने की उम्मीद नहीं है। आशीष विभागीय उच्च प्रशिक्षण हेतु घटना से लगभग 10 दिन पूर्व देहरादून भी गए थे. इस दौरान उनके खाते से 8 जून 2024 को 1,000/- और 9 जून को 44 हजार रुपए निकाले गए हैं। प्रशिक्षण के दौरान सारा खर्चा विभाग द्वारा वहन किया जाता है। उन्होंने पुलिस से आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि मेरे बड़े भाई के खिलाफ कोई गहरी साजिश हुई है, जिसका पर्दाफाश होना अति आवश्यक है। प्रभारी एसओ ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# लालपुर में पेड़ पर लटका मिला युवक गले में फंदा लगाए

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

किच्छा कोतवाली की चौकी लालपुर क्षेत्र में एक युवक घर से कुछ ही दूरी पर स्थित पेड़ पर लटका देख ग्रामीणों की जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को उतार अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक लालपुर से कुछ ही दूरी पर एक पेड़ है और रविवार दोपहर को उस पेड़ पर एक युवक गले में फंदा लगाए लटका देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और देखते ही देखते वहां पर परिजन भी पहुंच गए। मृतक की

**घटना**

- घर से कुछ ही दूरी पर है पेड़ पर, पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम को

शिनाख्त लालपुर निवासी 20 वर्षीय शयाम सिंह पुत्र अमरीक सिंह के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया। सोमवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि श्याम सिंह मजदूरी करता था और घर से सुबह मजदूरी के लिए गया था। पुलिस के मुताबिक मृतक तीन बहनें और एक भाई से बड़ा था। परिवार में कोहराम मच गया।

# दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर किया थाने का घेराव

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

लमगड़ा क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी की 24 दिन बाद भी गिरफ्तारी न होने से क्षेत्र के लोग भड़क गए।

आक्रोशित लोगों ने थाने पहुंचकर अधिकारियों का घेराव किया। ये लोग दो घंटे तक आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग पर थाने में जमे रहे। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस अधिकारियों से नोकझोंक भी हुई। दो घंटे बाद पहुंचे सीओ विमल प्रसाद ने 15 दिन का समय मांगते हुए किसी तरह लोगों को शांत किया।

लमगड़ा के एक गांव की किशोरी का स्वास्थ्य खराब होने पर परिजन 24 दिन पूर्व महिला अस्पताल लाए। जांच में उसके सात महीने की गर्भवती होने की बात सामने आई। परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस में दी।

पूछताछ में सामने आया कि क्षेत्र के ही एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। तहरीर देने के बाद भी पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

# गेहूं बोरियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को डंपर ने मारी टक्कर

**बाजपुर।** रहीस अहमद रविवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं की बोरियां भर कर काशीपुर से रुद्रपुर की तरफ जा रहा था। दोराहा के पास पीछे से डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खेत में पलट गई। चालक रहीस अहमद ने कूद कर जान तो बचा ली लेकिन वह चोटिल हो गए। घटना के बाद डंपर चालक मय वाहन फरार हो गया।

# देवखड़ी नाले में बहे युवक का नहीं लगा सुराग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बीते 11 जुलाई को भारी बारिश के कारण देवखड़ी नाले में बहे युवक का शव अभी तक नहीं मिल पाया है। प्रशासन के नेतृत्व में सिंचाई, विभाग, जल संस्थान, एनडीआरएफ और फायर विभाग द्वारा युवक की खोज में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है लबकिन अभी युवक को नहीं खोजा जा सका है। रविवार को पहले चरण के तलाशी अभियान में एसबीआई बैंक के पास से मुखानी तक और दूसरे चरण में मुखानी से सुशीला तिवारी के पास क्रियाशाला तक नहर के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर की सहायता से सर्च अभियान चलाया गया था।

अब युवक की खोज के लिए नहर की ओपन साइड में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। बता दें कि देवखड़ी नाला उफान पर आ गया था। इस दौरान पेट्रोल पंप पर कार्य करने वाला युवक आकाश अपनी बाइक से अपने घर की ओर जा रहा था तभी वह नाले में बह गया।

अगले दिन उसकी बाइक नाले में मिल गई लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। जिसके बाद प्रशासन के नेतृत्व में सिंचाई, विभाग, जल संस्थान, एनडीआरएफ और फायर विभाग व नगर निगम की टीमों ने सर्च अभियान शुरू कर दिया। नैनीताल रोड में एसबीआई से सुशीला तिवारी पास स्थित कियाशाला तक अभियान चलाया गया जिसमें प्रशासन को सफलता नहीं मिल पाई।

# भाजपा नेता से मारपीट मामले में कांग्रेस नेता समेत चार पर केस

**खटीमा**

**हमारे संवाददाता**

खटीमा में भाजपा नेता ने बाढ़ पीड़ितों को अहेतुक राशि के चेक बांटने के दौरान कांग्रेस नेता पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस पर पुलिस ने कांग्रेस नेता समेत चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

खटीमा में भाजपा नेता ने बाढ़ पीड़ितों को अहेतुक राशि के चेक बांटने के दौरान कांग्रेस नेता पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस पर पुलिस ने कांग्रेस नेता समेत चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। घटना के विरोध में खटीमा से नानकमत्ता विधायक के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोतवाल का घेराव कर पुलिस पर भाजपा के इशारे पर



काम करने का आरोप लगाया।

रविवार को वार्ड दो निवासी भाजपा नेता व 15 सूत्री कार्यक्रम समिति सदस्य तारिक मलिक ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें कहा कि तहसील कर्मी बाढ़ पीड़ित परिवारों को अहेतुक राशि के चेक बांटने के लिए वार्ड छह गौटिया में गए थे। वहां गौटिया निवासी कांग्रेस नेता राशिद अंसारी, परवेज, आमिर अंसारी, तारिक खान आदि राजनीतिक फायदे के लिए तहसील कर्मचारियों के साथ

**घेराव**

- विधायकों और कार्यकर्ताओं ने किया कोतवाल का घेराव

जाने लगे। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ितों को मुआवजा दे रही है, इसमें राजनीति क्यों कर रहे हो। प्रशासन अपना काम कर रहा है, उनको अपना काम करने दो।

तारिक के अनुसार इस पर चारों लोग उनके साथ गालीगलौज करते हुए धमकी देने लगे। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने तहरीर के आधार गौटिया निवासी राशिद अंसारी, परवेज, आमिर अंसारी और तारिक खान के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया। कांग्रेस नेता पर केस दर्ज होने के विरोध में कार्यकर्ताओं संग कोतवाली पहुंचे विधायक प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी और नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा ने कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी का घेराव कर दिया। उन्होंने राशिद अंसारी की तहरीर पर केस दर्ज करने की मांग की। इस दौरान उनकी पुलिस से कहासुनी भी हुई। उन्होंने पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए भाजपा के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया। विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि पुलिस भाजपा के दबाव में कांग्रेसियों का उत्पीड़न कर रही है। कोतवाल ने कांग्रेस की तहरीर रिसीव कर जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया ।

# बागेश्वर में आठ सड़कें बंद, 15 हजार की आबादी प्रभावित

**बागेश्वर**

**हमारे संवाददाता**

बागेश्वर में रविवार को आठ सड़कों पर यातायात बाधित रहा। सड़क बंद होने से करीब 15 हजार की आबादी प्रभावित हो गई है। वहीं, कपकोट-पिंडारी सड़क पर पेड़ गिरने से कई घंटे तक यातायात बाधित रहा।

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार तड़के बागेश्वर में आठ मिमी बारिश हुई। रविवार को बालीघाट-दोफाड़-धरमघर, कपकोट- पिंडारी, बालीघाट -भैरूचौंरा, कमेडीदेवी-भैंसूड़ीकुटीर, कुचौली-मलसूना, बदियाकोट-बोरबलड़ा, काफलीकमेड़ा, कपकोट-मिखिलाखलपट्टा सड़क बोल्डर, मलबा गिरने से बंद रही। शाम को बालीघाट-दोफाड़-धरमघर और कपकोट-पिंडारी सड़क पर यातायात बहाल हो गया था।